राजस्थान सरकार

कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर

क्रमांक :- परि / टी.एम.सी. / 2009 / 1990 — 2008 दिनांक :- 28/7/09

1. श्रीमान् जिला कलेक्टर, जोधपुर
2. श्रीमान् मण्डल रेल प्रबन्धक, रेल्वे जोधपुर
3. श्रीमान् प्रबन्धक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड जोधपुर
4. श्रीमान् मुख्य अभियन्ता, राष्ट्रीय राज मार्ग, जोधपुर
5. श्रीमान् प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर
6. श्रीमान् अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सिटी जोधपुर
7. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग जोधपुर
8. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता बी.आर.ओ. (सीमा सड़क संगठन), जोधपुर
9. श्रीमान् सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
10. श्रीमान् मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम, जोधपुर
11. श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय यातायात, जोधपुर
12. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, RUIDP जोधपुर
13. जिला परिवहन अधिकारी प्रर्वतन जोधपुर
14. नियन्त्रक, राज्य प्रदूषण निवारण कन्ट्रोल बोर्ड, जोधपुर
15. जिला रसद अधिकारी, जोधपुर
16. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य विभाग, जोधपुर
17. स्टेशन कमाण्डर इन चीफ (आर्मी) लक्ष्मी नगर, जोधपुर
18. स्टेशन कमाण्डर इन चीफ (एयरफोर्स) एयरफोर्स, जोधपुर
19. निजी सहायक, सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर

विषय :- दिनांक 16.07.09 को श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित यातायात प्रबन्धक समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण।

महोदय,

दिनांक 16.07.09 को अपरान्ह 03.00 बजे सम्भागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष यातायात प्रबन्ध समिति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची सलग्न है।

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

# राजस्थान सरकार

## कार्यालय प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर

क्रमांक :– परि / टी.एम.सी. / 2009 / 1990 — 2008

दिनांक :– 28/7/09

1. श्रीमान् जिला कलेक्टर, जोधपुर
2. श्रीमान् मण्डल रेल प्रबन्धक, रेल्वे जोधपुर
3. श्रीमान् प्रबन्धक, जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, जोधपुर
4. श्रीमान् मुख्य अभियन्ता, राष्ट्रीय राज मार्ग, जोधपुर
5. श्रीमान् प्रबन्धक, राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर
6. श्रीमान् अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट सिटी जोधपुर
7. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग जोधपुर
8. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, बी.आर.ओ. (सीमा सडक संगठन), जोधपुर
9. श्रीमान् सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर
10. श्रीमान् मुख्य कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर
11. श्रीमान् अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय यातायात, जोधपुर
12. श्रीमान् अधीक्षण अभियन्ता, RUIDP जोधपुर
13. जिला परिवहन अधिकारी प्रर्वतन जोधपुर
14. नियन्त्रक, राज्य प्रदूषण निवारण कन्ट्रोल बोर्ड, जोधपुर
15. जिला रसद अधिकारी, जोधपुर
16. श्रीमान् अतिरिक्त मुख्य अभियन्ता, जन स्वास्थ्य विभाग, जोधपुर
17. स्टेशन कमाण्डर इन चीफ (आर्मी), लक्ष्मी नगर, जोधपुर
18. स्टेशन कमाण्डर इन चीफ (एयरफोर्स) एयरफोर्स, जोधपुर
19. निजी सहायक, सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर

विषय :– दिनांक 16.07.09 को श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित यातायात प्रबन्धक समिति की बैठक के कार्यवाही विवरण।

महोदय,

दिनांक 16.07.09 को अपरान्ह 03.00 बजे सम्भागीय आयुक्त एवं अध्यक्ष यातायात प्रबन्ध समिति की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई बैठक में उपस्थित सदस्यों की सूची संलग्न है।

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने बैठक में भाग लेने वाले अधिकारियों का स्वागत करते हुये बैठक की शुरुआत की, तदुपरान्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी एवं सदस्य सचिव यातायात प्रबन्ध समिति ने डी.बी. सिविल रिट संख्या 6073/93 महेन्द लोढा बनाम् सरकार दिनांक 19.02.07 को माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर द्वारा पारित अतिरिक्त निर्णय एवं निर्देशों की पालना बाबत विभिन्न विभागों द्वारा की गई पालना का ब्यौरा प्रस्तुत किया।

| क.सं. | माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश | सम्बन्धित विभाग, | मीटींग दिनांक 20.07.09 में चर्चा एव दिये गये निर्देश |
|---|---|---|---|
| 1. | जोधपुर विकास प्रधिकरण के स्टॉफ आदि की व्यवस्था के सम्बन्ध में | सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा दिनांक 12.09.08 को जोधपुर विकास प्राधिकरण का गठन किया जा चुका है। जोधपुर विकास प्राधिकरण में आवश्यक कार्य के लिये आवश्यक स्टॉफ एव बजट के लिये राज्य सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किये गये थे। जिसकी स्वीकृति दिनांक 25.03.09 को प्राप्त हो गई है। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने स्वीकृति के अनुरूप शीघ्र पद भर जाने हेतु सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकारण को निर्देशित किया। |
| 2 | महत्वपूर्ण कार्यालय, पब्लिक बिल्डिंग, हाईकोर्ट अन्य कोर्ट प्राधिकरण को शहर के व्यस्त इलाको से बाहर शिफट करना। | ए.डी.एम. सिटी, जोधपुर एवं सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण। जोधपुर | सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि –<br>1. राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर के नये भवन के लिए वर्तमान में कोई बजट स्वीकृति जारी नही हुई है। केवल गत वर्ष 2008-09 में चार दिवारी के निर्माण के लिए राशि रूपये 99.94 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसके तहत प्रस्तावित भूमि पर उत्तरी दिशा की दीवार को छोड़ते हुये तीन तरफ दीवार का निर्माण कार्य प्रगति पर है। जिसके तहत अब तक राशि रूपये 52.40 लाख का व्यय किया जा चुका है।<br>श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इस कार्य को तुरन्त पूर्ण करते हुये एवं माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय के अग्रिम निर्देशानुसार इस सन्दर्भ में तुरन्त कार्यवाही करने के लिये निर्देशित किया।<br>2 सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि राजस्थान न्यायिक अकादमी के बारे में दिनांक 10.07.09 को माननीय न्यायाधीश एवं श्रीमान प्रमुख शासन सचिव सार्वजनिक निर्माण विभाग के साथ बैठक हुई थी। बैठक में कार्य की प्राथमिकता तय की गई तथा उसके अनुमानित तकमीने पर चर्चा की गई। जो 20.39 करोड का बनाकर राज्य सरकार को स्वीकृति हेतु भिजवाया गया है। वर्तमान में राज्य सरकार से स्वीकृति प्राप्त नही हुई है। न ही सार्वजनिक निर्माण विभाग को किसी प्रकार के निर्देश प्राप्त हुए है। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इस कार्य में प्रगति लाने हेतु निर्देशित किया।<br>3 सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर ने अवगत कराया कि प्रादेशिक परिवहन कार्यालय को भूमि उपलब्ध करवाने के सम्बन्ध में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी से चर्चा की गई। प्रादेशिक परिवहन अधिकारी की प्राथमिकता है कि विवेक विहार योजना में ही भूमि दी जावें। विवेक विहार योजना |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | राज्य सरकार के स्तर पर निर्णय हेतु लम्बित है। अतः राज्य सरकार के निर्णय के पश्चात् इस पर कोई कार्यवाही किया जाना सम्भव है। सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण ने यह भी अवगत कराया कि आयुर्वेदिक विश्वविधालय के पास तथा अगणवा ट्रान्सपोर्ट नगर के पास प्रादेशिक परिवहन कार्यालय हेतु जमीन दी जा सकती है। इस पर श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी एवं सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण को संयुक्त रूप से उक्त साईटस का मौका निरीक्षण कर तुरन्त जगह का चुनाव कर आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन से अवगत करवाने हेतु निर्देश दिये।<br><br>ड्राईविंग स्कूल हेतु जमीन उपलब्ध करवाने बाबत् सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण व प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को संयुक्त रूप से मौका निरीक्षण स्थान का चयन कर प्रगति से आगामी बैठक में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। |
| 3 | जोधपुर बाई पास को पूर्ण करना | BRO, NH, JVVNL, PHED, Railway | प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बैठक मे अवगत कराया कि गत बैठक में द्वितीय कमान अधिकारी सीमा सड़क सुरक्षा दल, जोधपुर ने बताया था कि जोधपुर बाई पास सड़क निर्माण पूरा हो चुका है तथा आर.ओ.बी. के बारे में बताया था कि राजस्थान विधुत निगम, जनस्वास्थ्य अभियान्त्रिक विभाग, सड़क निर्माण विभाग से अभी तक बार–बार पत्राचार करने के बाद भी अपेक्षित प्रगति नहीं की गई है। इसी वजह से मेन्टीनेन्स ग्रान्ट भी नही मिल पा रही है। आज की इस बैठक में भी बी.आर.ओ. जोधपुर की तरफ से बावजूद सूचना के कोई भी अधिकारी उपस्थित नहीं है। डी.आर.एम. रेल्वे ने अवगत कराया कि आर.ओ.बी. का कार्य वर्तमान में बन्द है। 6 लाख रूपये का बजट प्राप्त हो चुका है। श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इस स्थिति पर गम्भीर चिन्ता जाहिर करते हुये पी.एच.ई.डी. विभाग, डिस्काम, जोधपुर एवं पी.डब्लु.डी. विभाग के अधिकारियो को आपस मे समान्वय स्थापित कर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु पाबन्द किया एव आर.ओ.बी. के कार्य को अगस्त माह के अन्त तक हर हालत में पूर्ण करते हुये आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि चूंकि यह मिटिंग माननीय उच्च न्यायालय के समय समय पर पारित निर्णयों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिये निर्देशानुसार ली जाती रही है। अतः सभी सम्बन्धित अधिकारियों को पूरी गम्भीरता से कार्यवाही करने तथा बैठक में पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये। |
| 4 | सड़को की मरम्मत का कार्य पूर्ण करना (शहर के भीतर तथा शहर से गुजरने वाली सभी सड़के। | PWD, JDA, JMC, NH | सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि वर्षा पूर्व सड़क मरम्मत कार्य हेतु 1.00 करोड़ रूपये की राशि के टेण्डर जारी किये गये। जिसके कार्य शहर में करवाये गये है साथ ही जो सड़के डिफेक्ट लाईबिलिटी में थी, उनके पेच रिपेयर का कार्य सम्बन्धित ठेकेदार से करवाया गया है। सड़क मरम्मत का कार्य नियमित प्रकिया है। जो वर्तमान में भी चल रही है। |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

<table>
<tr>
<td></td>
<td></td>
<td></td>
<td>आयुक्त, नगर निगम, जोधपुर द्वारा बताया गया कि अतिवृष्टि सहत कोष के अन्तर्गत लगभग [illegible] कि.मी. सड़क निर्माण पर करीब 150 लाख रु. व्यय किये गये हैं। उक्त कार्य चौपासनी हाउसिंग बोर्ड, महामन्दिर, डिगाडी व शिप हाउस क्षेत्र में करवाया गया है। विधान सभा क्षेत्रवार सड़क एवं पेचवर्क कार्य निम्नानुसार करवाया गया :-<br>
<table>
<tr><th>क.सं.</th><th>विधान सभा क्षेत्र</th><th>2007-08</th><th>2008-09</th></tr>
<tr><td>1</td><td>शहर</td><td>48.00 लाख</td><td>172 लाख</td></tr>
<tr><td>2</td><td>सरदारपुरा</td><td>38.88 लाख</td><td>127 लाख</td></tr>
<tr><td>3</td><td>सूरसागर</td><td>76.41 लाख</td><td>192 लाख</td></tr>
</table>
<br>उपरोक्त के अतिरिक्त चौपासनी, मधुबन हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में कुल 26 किलोमीटर की सड़कों का जीर्णोद्धार का कार्य करवाया गया।<br><br>चर्चा के दौरान प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि गत बैठक में भदवासिया क्षेत्र में पाईप लाईन में बहुत अधिक लीकेज एवं ओवरफ्लो की समस्या थी एवं इस समस्या के समाधान बाबत जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग को श्रीमान् सम्माननीय आयुक्त महोदय द्वारा अधिशाषी अभियन्ता पी.एच.ई. को लीकेज की समस्या का समाधान कर आगामी बैठक में प्रगति से अवगत करवाने हेतु निर्देशित किया गया था परन्तु बावजूद सूचना के उक्त आदेशों की पालना अभी तक अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग से अपेक्षित है। इसी प्रकार सार्वजनिक निर्माण विभाग व राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा भी पालना प्रस्तुत नही की गई है। श्रीमान् सम्माननीय आयुक्त महोदय ने इस पर गम्भीर चिन्ता जाहिर करते हुये तुरन्त समस्या के निराकरण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये आगामी बैठक में हर हालत में प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया।</td>
</tr>
<tr>
<td>5.</td>
<td>अतिक्रमण हटाना, सड़कों के बीच में अवरोध करने वाले पोल, ट्रांसफार्मर, हॉर्डिंग, केबिन आदि हटाना।</td>
<td>JDA, [illegible], JVVNL</td>
<td>सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि सड़कों के मध्य यातायात में अवरोध पैदा करने वाले पेड़, पोल इत्यादि को चिन्हित कर हटाया गया हैं। सड़कों की चौड़ाई बढ़ाते समय सड़कों के मध्य आ रहे पोलस को शिफ्ट किया जा रहा है।<br>मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम जोधपुर ने बताया कि सड़को के बीच में अवरोधक पोल, ट्रान्सफार्मर्स, केबिन हटाना निगम की सतत प्रकिया है। इसके साथ ही यातायात में बाधित अतिक्रमण, अवैध निर्माण एवं अस्थाई निर्माणों को हटाया जाता है।<br><br>अधीक्षण अभियन्ता (नगर वृत) जोधपुर विधुत वितरण निगम लिमिटेड ने बताया कि शहर के विभिन्न स्थानों में सड़को के मध्य में आ रहे बिजली के पोल एवं ट्रान्सफोर्मर के Shifting का कार्य किया जा रहा है, साथ ही जाहिर किया कि जोधपुर शहर की चार दिवारी सीमा में विद्युत पोल हटाने के सम्बन्ध मे 108 करोड़ रुपये की योजना तैयार की गई है।</td>
</tr>
</table>

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सम्भागीय आयुक्त महोदय द्वारा मीटिंग में सभी सम्बन्धित अधिकारियों को जोधपुर शहर को पोललेस सिटी बनाने की दिशा में विचार कर इस सम्बन्ध में प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिये तथा इस कार्य को त्वरित गति से सम्पूर्ण करने हेतु भी निर्देशित किया। श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय ने सड़क के बीच में आने वाले पेड़ों को हटाने हेतु सम्बन्धित विभाग से तुरन्त स्वीकृति लेकर हटाने हेतु कहा तथा निर्देशित किया कि एक पेड़ हटाने के बदले 25 पेड़ सम्बन्धित विभाग को लगाने होंगे तथा उनकी गम्भीरता पूर्वक परवरिश सुनिश्चित करनी होगी। |
| 6. | तेज गति एवं लापरवाही से चलाने वाली सिटी बसों तथा लक्जरी कार चालकों पर भारी जुर्माना लगाना। | ट्राफिक पुलिस | बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात शहर जोधपुर ने बताया कि जोधपुर शहर में नगरीय परिवहन हेतु गति सीमा निर्धारित की गई है। जो शहरी क्षेत्र में 40 कि.मी. प्रति घण्टा व शान्त क्षेत्र में 25 कि.मी. प्रति घण्टा है। इन्टरसेप्टर से जांच की जाकर यातायात पुलिस द्वारा गति रोक कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में वर्ष 2009 में 770 चालान बनाकर कानूनी कार्यवाही की गई एवं वाहन चलाते समय मोबाईल पर बात करते पाये जाने पर 444 वाहन चालकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इस वर्ष 30 जून 2009 तक 62 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाईसेन्स निलम्बित करने हेतु लिखा गया है। 8 लाईसेन्स अल्पावधि के लिये निलम्बित किये गये है। अतः प्रादेशिक परिवहन अधिकारी से निवेदन है कि दुर्घटना/मृत्यु कारित करने वाले वाहन चालकों के लाईसेन्स अधिक समयावधि के लिये निरस्त किये जाने हेतु जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित करावें। इसके अतिरिक्त सिटी बस में स्पीड गर्वनर व माईकोरॉड लगाना अनिवार्य किया जाकर पालना करवाई जा रही है। निर्धारित वर्दी नहीं पहनने वालों के विरूद्ध यातायात पुलिस द्वारा 1773 वाहन चालकों के विरूद्ध चालान किये गये परिवहन विभाग द्वारा चालकों व परिचालकों के लिये निर्धारित वर्दी का उनके परमिटों में अंकन किया जाकर निर्धारित वर्दी पहनना सुनिश्चित कर दिया गया है।<br><br>अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा बताया गया कि ट्रेफिक लाईटों के लिये नई सड़क चौराहा पर वर्तमान समय में ट्रैफिक लाईट सुचारू रूप से संचालित है। शनिश्चर जी का थान चौराहा पावटा चौराहा, शास्त्री नगर थाना मोड़ तिराहा, सांजती गेट तिराहा पर जबकि ट्रैफिक सिग्नल लाईट लगी है। परन्तु सुचारू रूप से कार्य नहीं कर रही है। उन्हें सुचारू रूप से कार्य करवाने हेतु अपर जिला मजिस्ट्रेट (शहर) जोधपुर द्वारा बैठक में अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड जोधपुर को 30 जून तक सुचारू किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। मगर पावटा चौराहा पर लगी यातायात सिग्नल लाईट को शुरू किया गया है, जिसमें यातायात नियन्त्रण हेतु समय निर्धारित नहीं है। जिसको निर्धारित करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता सानिवि विद्युत खण्ड जोधपुर को अवगत कराया गया है। |

37

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने इस मांग के सम्बन्ध में ट्राफिक लाईट हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), जोधपुर [illegible] अतिरिक्त कलक्टर (शहर), जोधपुर के साथ चर्चा कर ट्राफिक लाईट लगवाने हेतु अन्य पांच स्थान चिन्हित करवाये है, जिन पर ट्राफिक लाईट लगाने की कार्य योजना लम्बित है।<br><br>1. रिक्षिया भैरूजी चौराहा 2. पावटा बी रोड 3. बारहवी रोड़ चौराहा (मथुरा दास माथुर चौराहा) 4. जलजोग चौराहा 5. मेडिकल कॉलेज चौराहा<br><br>प्राधिकरण स्तर पर पूर्व मे तीन स्थानों पर लाईटें लगाने हेतु निविदा आमन्त्रित की गई थी। जिसमें एक लाईट ऑफिसर मैस के सामने सिविल एयरपोर्ट पर लगा दी गयी है। उपरोक्त स्थानों में से दो स्थानों पर लाईट लगाने हेतु स्थान का चिन्हिकरण किया जाना है। स्थान चिन्हित होने पर लाईट लगाने की कार्यवाही की जावेगी।<br><br>बैठक में प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने अवगत कराया कि गत बैठक में श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय ने आयुक्त नगर निगम को भी जोधपुर नगर निगम के क्षेत्राधिकार में आने वाले स्थानों पर यातायात पुलिस के प्रस्ताव के अनुसार ट्राफिक लाईट लगवाने हेतु निर्देश प्रदान किये गये थे। परन्तु निगम द्वारा पालना प्रतिवेदन अपेक्षित है। इस पर श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय द्वारा इसे गम्भीरता से लेते हुये आयुक्त नगर निगम को पाबन्द किया कि महत्वपूर्ण चौराहों पर ट्राफिक लाईटो की व्यवस्था चाक चौबन्द होनी चाहिए। आयुक्त, नगर निगम द्वारा आगामी बैठक में प्रगति से अवगत कराने हेतु आश्वस्त किया।<br><br>आयुक्त महोदय द्वारा बैठक मे ओवर काउडिंग, ओवर लोडिंग की समस्या के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिन्ता जाहिर करते हुये यातायात पुलिस से ऐसे चार–पांच स्थानो का चिन्हीकरण करने के निर्देश प्रदान किये जहा पर कैमरे लगा कर यातायात नियमों का उल्लघन करने वालों के फोटो लिये जा सकें। इस प्रकार की कार्यवाही से दुर्घटनाओ में कमी लाई जा सकेगी।<br><br>अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात ने अवगत कराया कि यातायात पुलिस द्वारा निर्धारित गति सीमा से तेज चलने वाले वाहनों के विरूद्ध इस वर्ष में 30 जून 2009 तक 770 वाहनों तथा वाहनों में निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री भरकर परिवहन करने वाले 2756 वाहनों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जोधपुर ने अवगत कराया कि अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के मोटर वाहन अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 2462 चालान बनाए गए तथा पुलिस विभाग से अनुशंसा प्राप्त होने पर विधिवत् प्रक्रिया अपनाते हुए 46 चालक लाईसेन्स निलम्बित किए गए हैं, एवं 16 चालक लाईसेन्सधारियों को नोटिस जारी किये गये हैं। कुल 62 चालक लाईसेन्सधारकों के विरूद्ध कार्यवाही की गई है। इसके अतिरिक्त कुल 138 चालक लाईसेन्सधारकों के विरूद्ध पुलिस अनुशंसा दिनांक 15.07.09 को प्राप्त हुई है। जिसे दर्ज रजिस्टर कर विधिमान्य तरीके से निलम्बन की प्रकिया अपनायी जा रही है। श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय ने सम्बन्धित विभागों को लम्बित कार्यों को तुरन्त पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया तथा साथ ही सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम को उपर्युक्त पांच स्थानों के अलावा खतरनाक पुलिया एवं 12 वीं रोड़ चौराहा पर प्राथमिकता से ट्राफिक लाईट लगाने हेतु निर्देशित करते हुये आगामी बैठक में प्रगति प्रतिवेदन से अवगत करवाने हेतु निर्देशित किया।<br><br>उप अधीक्षक पुलिस (ग्रामीण) ने अवगत कराया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी वाहनों की संख्या बहुत अधिक है। अतः उन्हें इन्टरसेप्टर उपलब्ध करवायें जावे ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकें।<br><br>अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक में ओवर काउडिंग, ओवर लोडिंग की समस्या के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर चिन्ता जाहिर करते हुये यातायात पुलिस से ऐसे चार–पांच स्थानों का चिन्हीकरण करने के निर्देश प्रदान किये जहां पर कैमरें लगा कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के फोटो लिये जा सके। इस प्रकार की कार्यवाही से दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकेगी।<br><br>अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा यह जाहिर किया गया है कि वर्तमान में उनके पास केवल दो ही केन उपलब्ध है। दो केन जोधपुर विकास प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध करवाई जानी थी लेकिन प्राधिकरण द्वारा अभी तक उपलब्ध नहीं करवाई गई है। इस पर सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने जानकारी दी कि इस सम्बन्ध में टेन्डर की स्वीकृति जारी की जा चुकी है। शीघ्र ही आदेश जारी कर यातायात पुलिस को दो केन उपलब्ध करवा दी जायेगी। श्रीमान सम्भागीय आयुक्त महोदय ने प्राथमिकता से इस कार्य को पूर्ण करने की हिदायत देते हुये प्रगति प्रतिवेदन से आगामी बैठक में अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। |
| 7. | प्राईवेट बसों के लिये समुचित जगह एवं पार्किंग व्यवस्था करना | JDA, Traffic Police | सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि प्राईवेट बसों के लिये कल्याण सिंह कालवी प्याऊ एवं काजरी कार्यालय के पास प्राईवेट बस स्टेण्ड हेतु भूमि उपलब्ध करवा दी गई है एवं आम जन के लिये आवश्यक सुविधाएं जुटाई जा रहीं है।<br><br>अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) शहर जोधपुर ने बताया कि कालटेक्स बस स्टेण्ड को कल्याण सिंह कालवी प्याउ पर स्थानान्तरित कर दिया गया है एवं ऑल इण्डिया कान्ट्रेक्ट कैरिज परमिट की बसों को कल्पतरू सिनेमा के पास से काजरी प्राईवेट बस स्टेण्ड पर स्थानान्तरित कर दिया गया है। |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बताया कि नागौर रोड से ओसियां, आऊ, खींवसर, देणोक जाने वाली बसों के लिये समुचित बस स्टेण्ड का अभाव हैं। जिसके कारण पावटा, मण्डोर रोड पर प्राईवेट बसों की आवाजाही बनी रहती है। अतः जोधपुर नगर निगम/जोधपुर विकास प्राधिकरण से समुचित स्थान पर बस स्टेण्ड हेतु भूमि उपलब्ध कराने की मांग की।<br><br>इसी प्रकार से सिवाना, समदड़ी, बालोतरा, धुन्धाड़ा व सोजत, मेड़ता, डेगाना क्षेत्र में जाने वाली बसों के लिये भी निर्धारित बस स्टेण्ड का अभाव बताया तथा समुचित जगह उपलब्ध कराने की मांग की।<br><br>इस सम्बन्ध सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि ए.डी.एम. सिटी, प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर एवं प्राईवेट बस ऑनर्स के प्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श कर उपयुक्त जगह उपलब्ध करवाने की कार्यवाही कर दी जायेगी। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने डी.पी. के आदेश की पालना करते हुये आगामी बैठक में पालना प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। |
| 8 | जोधपुर शहर में व्यावसायिक वाहन पट्रोल एवम् डीजल, के स्थान पर सी. एन.जी. से चलाये जावें। | राज्य सरकार परिवहन विभाग, रसद विभाग, आई. ओ.सी. कम्पनीयां | बैठक में उपस्थित जिला रसद अधिकारी, जोधपुर ने बताया कि पत्र दिनांक 15.07.09 को बताया कि समस्त तेल कम्पनियों को जोधपुर शहर में व्यावसायिक वाहन पेट्रोल, डीजल के स्थान पर सी.एन.जी. से चलाये जाने बाबत् निर्देश दिये गये थे जिसकी पालना में इण्डियन ऑयल कॉपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉपोरेशन, आई.बी.पी कम्पनी लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड जोधपुर ने अवगत कराया कि जोधपुर शहर मे सी.एन.जी. की सुविधा उपलब्ध नहीं है। सी.एन.जी. की सुविधा उपलब्ध करवाये जाने बाबत् उनके द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय को प्रस्ताव तैयार कर भिजवाये जा चुके है। क्षेत्रीय कार्यालय से अभी तक कोई प्रत्युत्तर प्राप्त नहीं हुआ है। इसके अतिरिक्त हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉपोरेशन लिमिटेड जोधपुर ने अवगत कराया कि जोधपुर शहर में 5 नये ऑटो एल.पी.जी. पम्प लगाये जाने के प्रस्ताव तैयार कर जिला मजिस्ट्रेट, जोधपुर को अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने हेतु भेजे गये है। जिसमें से 2 ऑटो एल.पी.जी. पम्प क्रमशः गणेश ऑटोमोबाईल्स ग्राम गुजरावास, बनाड़ रोड व उदय सर्विस स्टेशन कुडी पाली रोड पर चालू हो चुकी है। इसके अतिरिक्त 1 अन्य ऑटो एल.पी.जी. पम्प (जोरावर सिंह टॉक एण्ड सन्स, लाल सागर) हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र जिला मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा जारी किया जा चुका है। तीसरा नया ऑटो एल.पी.जी. पम्प शीघ्र चालू होने की सम्भावना है। इसके अतिरिक्त इण्डियन ऑयल कॉपोरेशन लिमिटेड द्वारा 2 ऑटो एल.पी.जी. पम्प क्रमशः रम्मा ऑटो पम्प बासनी व थार फिलिंग बाड़मेर रोड चालू किये जा चुके है। शेष ऑटो एल.पी.जी. पम्प जिला मजिस्ट्रेट जोधपुर से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त होने पर चालू किये जा सकेंगे।<br><br>घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकने हेतु परिवहन विभाग, रसद विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा समय-समय पर घरेलू गैस का दुरूपयोग करने वाले प्रतिष्ठान एवं वाहनों के विरूद्ध संयुक्त जांच की जाती है। |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने घरेलू गैस के दुरुपयोग करने वाले लोगों के विरुद्ध सख्ती बरतते हुये ई.सी. एक्ट की धारा 3/7 के तहत् कार्यवाही करने के जिला रसद अधिकारी को निर्देशित किया। |
| 9 | शहर के भीतर छोटे छोटे औद्योगिक इकाई जो प्रदूषण फैला रहीं है उन्हे शहर के बार स्थान्तरित करना | प्रदूषण नियन्त्रण विभाग | क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बैठक मे अवगत कराया कि गत बैठक में क्षेत्रीय अधिकारी प्रदूषण नियन्त्रण मण्डल द्वारा मीटिंग में अवगत कराया गया था कि निगम को 115 प्रदुषण औद्योगिक इकाइयों की सूची कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम को पूर्व में ही उपलब्ध करवा दी गई हैं। लेकिन इस सम्बन्ध में अभी तक कोई प्रगति नहीं हुई है। सम्भागीय आयुक्त महोदय द्वारा इन ईकाइयों के लिये वैकल्पिक स्थान का चयन करने एवं आवश्यक कार्यवाही करने हेतु एक उप कमेटी गठित करने के निर्देश दिये थे, जिसमें आयुक्त, नगर निगम, क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, क्षेत्रीय अधिकारी रिको, उप सचिव, जोधपुर विकास प्राधिकरण, को सदस्य नामित किया गया था। इस कमेटी को आगामी 30 अप्रेल तक अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देश दिये गये थे। परन्तु पालना प्रतिवेदन अपेक्षित है। बैठक में उपस्थित ए.डी.एम. सिटी ने अवगत कराया कि रिको की स्वीकृति आ गई है। तुरन्त ही कमेटी द्वारा वैकल्पिक स्थान ढूढ कर आगामी बैठक से पूर्व प्रगति प्रतिवेदन से अवगत कराया दिया जायेगा। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इसमे तुरन्त प्रगति लाने हेतु निर्देशित करते हुये आगामी बैठक में रीको के रीजनल मैनेजर को भी उपस्थित रहने हेतु निर्देशित किया। |
| 10 | आखलिया से चौपासनी, रेजिडेन्सी से बोरानाड़ा रोड़ की मरम्मत का कार्य पूर्ण (पैचवर्क) करना तथा रोड़ के भीतर अवरूद्ध करने वाले पेड इलेक्ट्रिक पोल इत्यादि को हटाना तथा जितने पेड़ हटाये उतने पुन: लगवाना।<br>Considering the expansion of the Housing Board Scheme and other Schemes and the increase o traffic manifold, it is directed the effective steps be taken for widening the road proceeding rom Akhliya Choraya | JDA,PWD,JVVNL | सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि आखलिया से चौपासनी रोड को विकसित करने का कार्य प्रगति पर है एवं रेजिडेन्सी से बोरानाडा रोड के सड़क के मरम्मत का कार्य पूर्ण कर लिया गया हैं। शेष कार्य शीघ्र करवाने के प्रयास किये जायेगें।<br><br>बैठक मे प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की पालना रिपोर्ट अपेक्षित हैं। इस पर श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इस बार गम्भीरता से लेते हुये आगामी बैठक से पूर्व पालना प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। |



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | towards Chopasani Road. Similarly the road proceeding from Residency Road to Boranada be further widened. The obstructions in the orm of trees electric poises etc. be removed. While removing the trees equal number o trees be planted at appropnats places. | | |
| 11. | आवश्यक हो तो मुख्य रोडवेज बस स्टेण्ड के अन्यत्र स्थानान्तरित करना। | RSRTC | बैठक में चीफ मैनेजर रोडवेज ने बताया कि मुख्य रोडवेज बस स्टेण्ड को पावटा स्थित सब्जी मण्डी मे स्थान दिया जावे एवं सब्जी मण्डी को उनके मंदवासिया स्थित कार्यशाला में स्थानान्तरित किया जा सकता हैं। इसके लिये सब्जी मण्डी की तरफ 80 फीट रोड उपलब्ध करवाने की आवश्यकता रहेगी। इससे अन्तंराष्ट्रीय स्तर का बस स्टेण्ड बनाया जा सकता है। चूंकि यह बिन्दु विभिन्न विभागों द्वारा नीतिगत निर्णय लिये जाने से सम्बन्धित हैं। अतः इस सम्बन्ध मे व्यापक विचार विमर्श कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु सम्भागीय आयुक्त महोदय द्वारा जिला कलक्टर, जोधपुर की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी में मुख्य प्रबन्धक रोडवेज, सचिव फल सब्जी मण्डी समिति, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात, अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग को सदस्य के रूप में नामित किया गया था। इस कमेटी को 45 दिवस में अपनी कार्यवाही रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये थे। परन्तु पालना प्रतिवेदन अपेक्षित है। बैठक मे इस बिन्दु पर चर्चा की जानी प्रस्तावित है। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इस प्रकरण को इस प्रयोजन हेतु गठित समिति को रेफर करते हुये निर्देश दिये कि समिति मौका निरीक्षण करके प्राथमिकता से अपनी रिपोर्ट आगामी बैठक से पूर्व प्रस्तुत करें।<br><br>मुख्य प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, जोधपुर ने अपने पत्र दिनांक 15.07.09 के द्वारा इस सम्बन्ध मे तीन प्रस्ताव भिजवाये है :-<br>1. निगम के पावटा स्थित फल सब्जी मण्डी में से किसान भवन के आगे के गेट से पूर्व की और 400x450 फुट भूमी उपलब्ध करवाई जावें।<br>2. इस फल सब्जी मण्डी की उत्तरी दिवार के साथ मण्डी की रिक्त पडी 80x295 फुट भूमी निगम को उपलब्ध करवायी जावें। जिसकी विस्तृत रिपोर्ट संलग्न है।<br>3. जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर द्वारा अन्य कोई उपयुक्त भूमी बस स्टेण्ड के लिये उपलब्ध करायी जायें। |

52

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12. | सोलिड वेस्ट मैनेजमेंट, इकटठा, परिवहन निस्तारण की पूर्ण व्यवस्था करना।<br><br>नगर निगम जोधपुर बिल्डिंग कन्सट्रक्सन्स वेस्ट के परिवहन वितरण तथा निस्तारित के लिये नियम बनायें तथा इनको हटाने एवम् मैरिज हॉल के कचरा वेस्ट को हटवाने बाबत् रेट निर्धारित करावें। | नगर निगम<br>JDA | मुख्य कार्यकारी अधिकारी जोधपुर ने बताया कि घर घर कचरा संग्रहण योजना नगर निगम के क्षेत्राधिकारधीन 45 वार्डो में लागू की जा चुकी हैं। उक्त कार्य माह फरवरी 08 से मैसर्स कनक रिर्सोसेज मैनेजमेन्ट लिमिटेड के माध्यम से संचालित किया जा रहा हैं, जिसके अन्तर्गत मुख्य सड़के एवं घरों से कचरा संग्रहण कर कैरू डमिंग स्टेशन तक परिवहन किये जाने का कार्य किया जाता है। शेष रहे 15 वार्डो में से 05 वार्डो (55, 56, 57, 58, 59) में भी घर घर कचरा संग्रहण एवं परिवहन कार्य की निविदा स्वीकार कर दर स्वीकृति पत्र दिनांक 08.07.09 को जारी किया गया है। फर्म द्वारा प्रतिभूमि राशि/अनुबन्ध आदि करने पर इसी माह में कार्य प्रारम्भ होने की आशा हैं।<br><br>45 वार्डो में होटल/रेस्टोरेन्ट से पृथक्कीकरण किया हुआ कचरा संग्रहण कार्य के साथ सम्मिलित हैं। जो कि संवेदक द्वारा किया जा रहा है। होटल/रेस्टोरेन्ट की सहयोग राशि का निर्धारण घर घर योजना के अन्तर्गत निदेशालय जयपुर के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप किया जाकर संवेदक को अवगत कराया गया हैं एवं सहयोग राशि संवेदक द्वारा वसूल की जा रही हैं।<br><br>मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम ने बताया कि नगर निगम जोधपुर द्वारा बिल्डिंग कन्सट्रक्शन्स वेस्ट के परिवहन पेटे प्रार्थी से आवेदन पत्र के 1000/- रू. धरोहर राशि के निगम कोष में जमा किये जाते हैं। मैरिज हॉल के कचरा वेस्ट को हटवाने बाबत् प्रति मैरिज 1000/- रू. का निर्धारण किया जा चुका हैं तथा मैरिज हॉल पंजियन का कार्य किया जा रहा हैं एवं उपरोक्तानुसार राशि वसूलने की कार्यवाही की जाती है। |
| 13 | पदस्थापित मोबाईल मजिस्ट्रेट तथा उनको वाहन उपलब्धता की समय सीमा 30 मई तक, तदुपरान्त राज्य सरकार एवम् हाईकोर्ट प्रशासनिक निर्णय करावें। | परिवहन विभाग | प्रादेशिक परिवहन अधिकारी जोधपुर ने बताया कि इस बाबत् कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है। मोबाईल मजिस्ट्रेट को परिवहन विभाग से वाहन उपलब्ध करवा दिया गया हैं। |
| 14 | रेल्वे स्टेशन के बाहर की ट्राफिक व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित करना। | ट्राफिक पुलिस | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात शहर जोधपुर ने बताया कि रेल्वे स्टेशन के बाहर यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में जिला कलक्टर एवं मण्डल रेल प्रबन्धक को आवश्यक सुझाव प्रेषित किये गये है। रेल्वे स्टेशन पर प्रातः 05.30 से 11.30 बजे तक यातायात पुलिस का पर्याप्त जाप्ता दो पारियो में लगा कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जा चुकी है। ऑटो रिक्शों को निर्धारित पार्किंग क्षेत्र से बाहर ऑटो नहीं खडे करने दिये जा रहें है।<br><br>रेल्वे स्टेशन व राईका बाग रोडवेज बस स्टेण्ड पर ऑटो रिक्शा प्री पेड व्यवस्था लागू करने के सम्बन्ध में ऑटो रिक्शा यूनियन के पदाधिकारियों की बैठक ली जाकर उनकी सहमति प्राप्त की गई है। मण्डल रेल प्रबन्धक, उत्तर/पश्चिम रेल्वे जोधपुर, मुख्य प्रबन्धक राजस्थान राज्य पथ परिवहन |



PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | निगम जोधपुर से सम्पर्क कर रेल्वे/रोडवेज में स्थान उपलब्ध करवाने हेतु निवेदन किया गया है। दोनों स्थानो पर प्री पैड घुमटी का निर्माण जेडीऐ जोधपुर द्वारा करवाया जा रहा है।<br><br>अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात द्वारा ट्रेफिक पार्क के लिये स्थान उपलब्ध करवाने की मांग की इस पर सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों की भावना को ध्यान मे रखते हुये प्राधिकरण के पास पूर्व से उपलब्ध पार्कों में से समुचित पार्कों का चयन कर ट्रेफिक पार्क विकसित करने के लिये यातायात पुलिस को स्थान उपलब्ध करवा दिया जायेगा। जिससे बच्चों को भी ट्रेफिक नियमों की जानकारी उपलब्ध हो सकेगी। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इस कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करवाने हेतु आगामी बैठक में पालना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। |
| १५ | म्यूनिसिपल सर्विस बजट तथा मैनेजमेन्ट की व्यवस्था सुचारु करना। | MC | मुख्य कार्यकारी अधिकारी नगर निगम ने बताया कि इस बिन्दु पर कार्यवाही राज्य सरकार द्वारा की जानी है जो राज्य सरकार के ध्यान मे लाया जा चुका है। |
| १६ | अन्य बिन्दु अध्यक्ष महोदय की आज्ञा से | आयुक्त नगर निगम, जोधपुर | आयुक्त नगर निगम द्वारा मीटिंग मे बताया कि दुग्ध डेयरियों के लिये झालामण्ड एरिया में कॉलोनी का विकास हो चुका है। पंचल शेड बना दी गई है, पानी की पाईप लाईन का कार्य चल रहा है। सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण ने जानकारी दी कि बड़ली क्षेत्र में दुग्ध उत्पादकों की कॉलोनी निर्माणाधीन है, जो शीघ्र ही पूरी हो जायेगी। माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुरूप दुग्ध उत्पादकों को शहर के बाहर इस कॉलोनी में बसाया जाना है। साथ ही यह भी जानकारी दी कि दुग्ध उत्पादकों ने अपने स्तर पर झालामण्ड क्षेत्र में भी निजी कॉलोनी विकसित कर ली है। इस कॉलोनी में पानी की व्यवस्था शेष है। श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने इसे गम्भीरता से लेते हुये नगर निगम को माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों की पालना सख्ती से सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। |
| | | मुख्य प्रबन्धक रोडवेज जोधपुर | श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय ने रोडवेज के मुख्य प्रबन्धक को पाबन्द किया कि रोडवेज बसों की छतों पर बैठ कर यात्री यात्रा करते है। जो कि बहुत ही अनुचित है। इससे दुर्घटना की सम्भावना बढ़ जाती है। उन्होंने रोडवेज के मुख्य प्रबन्धक को रोडवेज बसों की छतों पर किसी भी यात्री को नहीं बिठाये जाने बाबत् व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निर्देश एवं आगामी बैठक में पालना प्रतिवेदन से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया। |
| | 1. सड़क सुरक्षा :-<br>माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा इस महत्वपूर्ण बिन्दु पर शासन के महत्वपूर्ण [illegible] | सम्बन्धित समस्त विभाग | परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा की दृष्टि से रात्री मे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने हेतु धीमी गति वाले वाहन (यथा ऊँट गाड़ी, बैल गाड़ी, ट्रेक्टर ट्रोली) पर रिफलेक्टर लगाने का अभियान राज्य स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसमे जोधपुर जिले में 13000 रिफलेक्टर लगाए जा चुके है। इसके |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | विभागों यथा पुलिस, परिवहन, राष्ट्रीय राजमार्ग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, बीमा कम्पनियों, रसद विभाग, खाद्य विभाग, स्थानीय निकाय व स्वयं सेवी संस्थाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिसके तहत ओवर लोड एवं ओवर क्राउडिंग वाहनों की रोकथाम, ट्रेक्टर ट्रोलियों, बैल गाड़ियों, ऊंट गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर लगाने की अनिवार्यता एवं शत प्रतिशत अनुपालना (माननीय उच्च न्यायालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों की पालना) सड़कों के रख रखाव, यातायात संकेतकों का लगाया जाना एवं उनका रख रखाव, झाड़ियों इत्यादि का हटाया जाना, छोटी सड़कों के मुख्य सड़क पर मिलने पर एवं अन्य आवश्यक स्थलों पर स्पीड ब्रेकर का बनाया जाना इत्यादि प्रमुख विषय है। | | साथ ही ओवरलोड रोकने हेतु विभाग द्वारा ट्रक ऑपरेटर्स के साथ बैठक आयोजित की गयी एवं विभाग द्वारा चैक पोस्ट निर्धारित कर ओवरलोड वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।<br><br>अध्यक्ष महोदय ने सड़क सुरक्षा को अति महत्वपूर्ण बताते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किये। |
| | 2. आगामी माह में होने वाले रामदेवरा मेले में पैदल यात्रियों व राजस्थान के विभिन्न जिलों से आने वाले यात्री वाहनों के व्यवस्थित संचालन पर चर्चा। | जिला प्रशासन, पुलिस विभाग | अध्यक्ष महोदय ने रामदेवरा मेले के दौरान यातायात को नियन्त्रित व सुव्यवस्थित करने हेतु सम्बन्धित विभागों का कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। |
| | 3. मण्डोर कृषि मण्डी से बासनी कृषि उपज मण्डी क्षेत्र में नो–एन्ट्री समय में भारी वाहनों के मार्ग के निर्धारण बाबत | अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात), जिला परिवहन अधिकारी | मण्डोर कृषि मण्डी से बासनी कृषि उपज मण्डी क्षेत्र में नो–एन्ट्री समय में भार वाहनों के मार्ग के निर्धारण बाबत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) व जिला परिवहन अधिकारी को सर्वे कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। |
| | 4. बहुमंजिली इमारतों में पार्किंग सुविधाओं की अनिवार्यता | JMC, JDA | अध्यक्ष महोदय ने बहुमंजिली इमारतों में पार्किंग सुविधाओं की अनिवार्यता पर जोर दिया और नगर निगम व जोधपुर विकास प्राधिकरण को निर्देशित किया कि उक्त इमारतों का नक्शा पास करने से पूर्व पार्किंग स्थल का विशेष ध्यान देवें। |
| | 5. ठेला चालकों के लिए ठेला जोन का निर्धारण | JMC | ठेला चालकों के लिए ठेला जोन के निर्धारण हेतु नगर निगम को निर्देशित किया और उक्त स्थान का निर्धारण करें। |

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 6 शहर के व्यस्तम सडक मार्गो पर आवारा पशुओं के विचरण पर रोक | JMC | अध्यक्ष महोदय ने शहर के व्यस्तम सड़कों पर आवारा पशुओं के विचरण पर चिन्ता व्यक्त की और उन्होनें सडक दुर्घटना की सम्भावना को देखते हुए इन पशुओं को पकडकर पशुआलय भिजवाने हेतु पाबन्द किया। |

बैठक के अन्त में अध्यक्ष महोदय ने सभी विभागों को निर्देश दिये की आगामी बैठक में सम्बन्धित विभाग माननीय न्यायालय द्वारा समय–समय पर पारित न्यायिक निर्देशों / आदेशों की अक्षरशः विस्तृत पालना रिपोर्ट पेश करेगें।

बैठक सधन्यवाद समाप्त की गई।

(गोविन्द सिंह चारण) 2/7/09
सदस्य सचिव
यातायात प्रबन्धन समिति
जोधपुर।

संलग्न :– सूची

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor

दिनांक 16.07.09 को श्रीमान् सम्भागीय आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में गठित यातायात प्रबन्धन समिति की बैठक में उपस्थित अधिकारीगण का विवरण

| क.सं. | अधिकारी का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री डी.आर. भाटी | कार्यकारी अधिकारी, नगर निगम, जोधपुर |
| 2 | श्री पी.पी. सिंह | जिला रसद अधिकारी, जोधपुर |
| 3 | श्री भाया राम मीणा | अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), जोधपुर |
| 4 | श्री महावीर दाधीच | मुख्य प्रबन्धक रा.रा.प.प.नि. जोधपुर |
| 5 | श्री वी.आर. पंवार | रीजनल अधिकारी, आर.पी.सी.बी., जोधपुर |
| 6. | श्री वी.एस. साखला | ए.ई.ई. आर.पी.सी.बी., जोधपुर |
| 7. | श्री के.सी. गोलदानी | एस.ई. सिटी, जे.डी.वी.वी.एन.एल. जोधपुर |
| 8. | एस.एल.डी. माथुर | एस.ई. पी.डब्लू.डी. सर्किल जोधपुर |
| 9. | श्रीमति स्नेहलता | ए.डी.एम. सिटी जोधपुर |
| 10. | श्री मनिष अग्रवाल | अति. पुलिस अधीक्षक जोधपुर |
| 11 | श्री ए.आर. राठौड़ | जन सम्पर्क अधिकारी, जोधपुर |
| 12 | श्री जे.के. बंसल | अतिरिक्त सम्भागीय आयुक्त |
| 13. | श्री जी.एस. चारण | प्रादेशिक परिवहन अधिकारी, जोधपुर |
| 14 | श्री आर.सी. गुप्ता | सचिव जोधपुर विकास प्राधिकरण, जोधपुर |
| 15 | श्री मोहम्मद उमर | एस.ई. पी.एच.ई.डी. सिटी जोधपुर |
| 16 | श्री शिरीश [illegible] | डी.आर.एम. जोधपुर रेल्वे |

5

PDF compression, OCR, web optimization using a watermarked evaluation copy of CVISION PDFCompressor